Kashish न्यूज़ CHANNEL

चाईबासा में बड़े पैमाने पर नकली शराब का धंधा : 4 नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश, लाइसेंस दुकान से धंधेबाजी, दो सेल्समैन गिरफ्तार

चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम जिले में नकली शराब बनाने और नकली शराब को सरकारी लाइसेंसी दुकानों में बेचने का मामला थम नहीं रहा है. एक के बाद एक मामलों का उजागर हो रहा है. इसी क्रम में जिले के चाईबासा शहर में सरकारी दुकानों में अवैध नकली शराब बनाकर बेचने के गोरखधंधे का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में शराब दुकान के दो कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पाताहातु में 4 मिनी शराब फैक्ट्री का पुलिस ने उद्भेदन किया है. पता चला है की यहाँ अवैध तरीके से नकली शराब बनाकर सरकारी शराब की दुकानों पर बेचने का गोरखधंधा चलाया जा रहा था। इस पूरे कारोबार में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मिलीभगत की खबर भी सामने आ रही है। क्योंकि अवैध शराब के साथ जिन दो आरोपियों को पकड़ा गया है वे दोनों चाईबासा शहर के यशोदा चौक के पास स्थित सरकारी लाइसेंसी शराब दुकान के ही कर्मचारी हैं। दोनों का नाम सोनू सिंह और अवधेश कुमार है. पुलिस ने छापामारी में मिनी शराब फैक्ट्री के चारों जगह से तकरीबन हर ब्रांड की खाली बोतल, शराब बनाने का केमिकल, अंग्रेजी महँगी शराब के ब्रांड का स्टीकर और झारखंड सरकार का सील बरामद हुआ है। यह

गोरख धंधा कितने दिनों से चल रहा था यह पता नहीं चल पाया है. हालांकि जब पुलिस पहुंची तो सभी जगह ताला बंद था पुलिस ने ग्रामीण मुंडा के देखरेख में घर का ताला तोड़ करके अंदर प्रवेश किया इसके बाद पूरा मामले का उद्भेदन हुआ।

Source: https://kashishnews.com/news/large-scale-counterfeit-liquor-business-in-chaibasa-931080